दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में सुरक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक रहेंगे पुख्ता इंतजाम-डीएम

अंदावा विसर्जन स्थल का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, स्वच्छ जल, प्रकाश, लाइफ जैकेट और गोताखोरों की होगी व्यवस्था

झूंसी (प्रयागराज)। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अंदावा के पास स्थित विसर्जन स्थल के तालाब का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी आवश्यक इंतजाम समय से पूरे करने और विसर्जन के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने तालाब में स्वच्छ जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही विसर्जन स्थल पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने को कहा। बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में जनरेटर की वैकल्पिक व्यवस्था रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान यातायात सुचारु रहना चाहिए और आसपास जाम की स्थिति नहीं बनने दी जाए। इसके लिए रूट डायवर्जन, वाहनों की पार्किंग और यातायात प्रबंधन की समुचित व्यवस्था करने को कहा।

डीएम ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि किसी को भी गहरे पानी में जाने की अनुमति न दी जाए। विसर्जन स्थल पर लाइफ जैकेट, नाव और गोताखोरों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। तालाब तक पहुंचने वाले रास्तों और रैंप पर फिसलन से बचाव के उपाय किये जाएं। साथ ही आसपास साफ-सफाई, चूने का छिड़काव और पर्याप्त संख्या में मोबाइल टायलेट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को विसर्जन स्थल पर एंबुलेंस, चिकित्सकों की टीम, जरूरी दवाइयों और चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। आसपास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डाक्टरों तथा बेड की उपलब्धता बनाये रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, विद्युत विभाग और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को समुचित तैनाती सुनिश्चित करने को कहा, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा, अपर नगर आयुक्त राजीव शुक्ला, एसीपी हंडिया शेषधर पांडेय, सरायइनायत थाना प्रभारी प्रवीण राय, नगर निगम के जोनल अधिकारी अशोक कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



अंदावा स्थित प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा और अन्य अधिकारी।

प्रसाद में केला खाने के बाद बिगड़ी किशोर की हालत

अस्पताल में मौत

मऊ (चित्रकूट)। दुर्गा पूजा की आरती के बाद प्रसाद में केला खाने वाले १४ वर्षीय किशोर की अचानक तबीयत बिगड़ गयी। पेट दर्द, उल्टी और चक्कर आने के बाद वह जमीन पर गिर पड़ा। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रामनगर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

मामला मऊ थाना क्षेत्र के बल्हौरा गांव का है। गांव निवासी दिलीप रैदास का बेटा रघुवीर शुक्रवार को गांव में आयोजित दुर्गा पूजा की आरती में शामिल होने गया था। आरती समाप्त होने के बाद उसने अपने एक साथी के साथ प्रसाद में मिला केला खाया। इसके बाद दोनों पास में लगे हैंडपंप पर पानी पीने चले गये।



मृतक रघुवीर की फाइल फोटो

बताया गया कि पानी पीने के बाद आगे बढ़ते ही रघुवीर के पेट में दर्द होने लगा। वह वहीं बैठ गया। कुछ देर बाद उठकर आगे बढ़ा, तभी उसे उल्टी हुई और चक्कर आने से वह जमीन पर गिर पड़ा। उसके साथ मौजूद दूसरा बच्चा लोगों को बुलाने के लिए दौड़ा। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और रघुवीर को सीएचसी रामनगर ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश प्रताप सिंह के मुताबिक, १६ अक्तूबर को पीआरवी के माध्यम से घटना की सूचना मिली थी। पिता की सूचना पर पुलिस ने आवश्यक कारर्वाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया है। उन्होंने बताया कि किशोर की मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कारर्वाई की जाएगी।

मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने मांगी सुख-समृद्धि

शारदीय नवरात्र के सातवें दिन मंदिरों और दुर्गा पण्डालों में उमड़ी भक्तों की भीड़, भजन-कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

बरगढ़, चित्रकूट। शारदीय नवरात्र के सातवें दिन शनिवार को बरगढ़ रेलवे स्टेशन परिसर और कस्बे के विभिन्न मंदिरों व दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिरों और पंडालों में भक्तों की भीड़ जुटने लगी। श्रद्धालुओं ने मां को पुष्प, फल और नारियल अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और कल्याण की कामना की।

पूजा-पाठ और आरती के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। नवरात्र के अवसर पर घरों और मंदिरों में दुर्गा सप्तशती का पाठ, भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मां कालरात्रि के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां कालरात्रि की आराधना से भय और नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति मिलती है। नवरात्र के सातवें दिन मां के दर्शन और पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिरों और पंडालों में दिनभर भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

पूर्व विधायक के जन्मदिवस पर बांटे कंबल

मेजारोड (प्रयागराज)। पूर्व विधायक स्वर्गीय नीलम उदयभान करवरिया के जन्मदिवस पर शनिवार को लखनपुर स्थित राष्ट्रीय शिक्षा निकेतन बालिका हाईस्कूल में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम प्रधान संदीप तिवारी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में करीब ५०० जरूरतमंदों को कंबल वितरित किये गये। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष नित्यानंद उपाध्याय, ग्राम प्रधान संदीप तिवारी, राजीव मणि नाथ तिवारी और विद्यालय के प्रबंधक दिलीप तिवारी, वरिष्ठ समाजसेवी सिद्धांत तिवारी, पप्पू उपाध्याय, नाथू गुप्ता, लखन केसरी, सुशील केसरी, शिवम मिश्रा, शशांक द्विवेदी छोटू, आकाश तिवारी, देवकांत दुबे, सत्यप्रकाश तिवारी, पूनम शुक्ला, रंजीता यादव, प्रधानाध्यापक रेनू यादव, रविशंकर दुबे, बाबू यदुबेर सिंह और शमी शुक्ला मौजूद रहे।

विद्यालय में होता है बच्चों की प्रतिभाओं का समग्र विकास-एसके तिवारी

सेंट्रल एकेडमी में चार दिवसीय साहित्य सप्ताह का भव्य समापन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

झूंसी (प्रयागराज)। आवास विकास कालोनी, योजना-३, सेक्टर-१ स्थित सेंट्रल एकेडमी में आयोजित चार दिवसीय साहित्य सप्ताह का भव्य समारोह के साथ समापन हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने नृत्य-नाटिका, गायन-वादन और भाषण सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नवरात्र और विजयादशमी पर आधारित कार्यक्रम समारोह के विशेष आकर्षण रहे।

समारोह का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक एसके तिवारी, झूंसी शाखा के प्रधानाचार्य एके पांडेय, सरायइनायत शाखा की प्रधानाचार्या ऋचा त्रिपाठी और पैरेंट्स प्राइड की प्रभारी दीप्ति मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। साहित्य सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों ने समारोह में अपनी प्रस्तुतियां दोहराईं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय के निदेशक एसके तिवारी ने विद्यार्थियों को नवरात्र और दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय वह स्थान है, जहां बच्चों की प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रतिभाओं का समग्र विकास होता है। झूंसी शाखा के प्रधानाचार्य एके पांडेय ने कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाला प्रत्येक विद्यार्थी अपने आप में विजेता होता है। सरायइनायत शाखा की प्रधानाचार्या ऋचा त्रिपाठी ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी उत्साहपूर्वक प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। वहीं, पैरेंट्स प्राइड की प्रभारी दीप्ति मिश्रा ने बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा की। समारोह में रचना सिंह, सिराज अहमद, चारु शर्मा, दीक्षा त्रिपाठी, ऋचा मिश्रा, लारेंस जोसेफ, राजीव मिश्रा, आशीष त्रिपाठी, मोहम्मद अरशद, सुधांशु, सत्येंद्र, अनामिका, धनंजय त्रिपाठी और गौतमी मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रद्धा और आयुष्मान ने किया।



पालपुरकी छात्राओंने सीखे आत्मरक्षा के दांव-पेंच

पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय के बच्चों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया शैक्षिक भ्रमण

घूरपुर (प्रयागराज)। मिशन शक्ति फेज-६ के तहत पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पालपुर, विकासखंड चाका में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने, आत्मसम्मान बढ़ाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया, जबकि छात्र-छात्राओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाका का शैक्षिक भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय में सेल्फ एस्टीम टीम के गठन से हुई। इसके बाद प्रशिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा के तरीके सिखाए और विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने के गुर बताए। छात्राओं ने उत्साह के साथ आत्मरक्षा के दांव-पेंच सीखे। इसके बाद बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाका ले जाया गया। यहां उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा. विवेकानंद मिश्र को पौधा भेंटकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



डा. मिश्र ने बच्चों को पौधों के महत्व और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। भ्रमण के दौरान बच्चों को एक्स-रे कक्ष, पैथोलाजी लैब, मलेरिया जांच कक्ष, महिला चिकित्सक कक्ष और आपरेशन थिएटर का निरीक्षण कराया गया। चिकित्सकों ने विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली और मरीजों की जांच व उपचार की प्रक्रिया समझाई। बच्चों ने ओपीडी में पर्चा बनवाने, डाक्टर से परामर्श लेने और दवा प्राप्त करने की प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव भी हासिल किया। इस शैक्षिक भ्रमण से बच्चों को स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली समझने का अवसर मिला।

७८ वर्षों से कायम है मऊआइमा की ऐतिहासिक रामलीला की परम्परा

पेट्रोमैक्स की रोशनी से शुरू हुआ सफर, आज आधुनिक लाइट और ध्वनि के बीच हो रहा मंचन

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के रामबाग स्थित पक्के तालाब पर वर्ष १९४८ से रामलीला का मंचन लगातार किया जा रहा है। आजादी के बाद शुरू हुई यह ऐतिहासिक धार्मिक परंपरा समय के साथ कई बदलावों की साक्षी रही है। कभी मिट्टी के तेल से जलने वाली गैस की रोशनी में रामलीला का मंचन होता था और विजयादशमी पर भरत मिलाप की झांकियां बैलगाड़ियों से निकाली जाती थीं।



के लिए आसपास के गांवों से लोग १० से २० किलोमीटर दूर से पैदल आते थे। विजयादशमी मेले की रौनक एक दिन पहले से ही शुरू हो जाती थी और दुकानों से पूरा क्षेत्र गुलजार हो उठता था। कस्बे के चुनौटा कुआं पर भरत मिलाप का पारंपरिक आयोजन होता था। उस समय मिट्टी के तेल से चलने वाली गैस की रोशनी की व्यवस्था की जाती थी।

बताया जाता है कि वर्ष १९६२ के आसपास क्षेत्र में विद्युतीकरण शुरू होने और बिजली की सुविधा बढ़ने के बाद रामलीला के आयोजन का स्वरूप भी बदलने लगा। बैलगाड़ियों की जगह ट्रैक्टर और अन्य साधनों से झांकियां निकाली जाने लगीं। हालांकि, पुराने कलाकारों के जीवंत अभिनय की यादें आज भी बुजुर्गों के जेहन में ताजा हैं। रामलीला समिति की जिम्मेदारी चार पीढ़ियों से निभाई जा रही है। पहली पीढ़ी में छेदी महाजन, संगम लाल, बदलू महाजन और फूलचंद्र खत्री सहित अन्य लोगों ने इसकी नींव रखी। दूसरी पीढ़ी में बिंद्रा प्रसाद केशरवानी, केशव मुनीम और विश्वनाथ खत्री ने परंपरा को आगे बढ़ाया। तीसरी पीढ़ी में जवाहरलाल गुप्ता, प्रकाश नारायण और मनोज साहू सहित अन्य लोगों ने आयोजन को संभाला। वर्तमान में युवा चौथी पीढ़ी के अध्यक्ष सचिव साहू, महामंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद, संरक्षक निमिष खत्री और संयोजक शनि खत्री सहित अन्य लोग आयोजन को नए आयाम दे रहे हैं।हालांकि, वर्ष १९९१ में गंजिया बाजार की हनुमानगढ़ी पर दारोगा प्रतिमा स्थापित होने और आसपास के गांवों में रामलीला, विजयादशमी मेले तथा दुर्गापूजा के आयोजन बढ़ने से मऊआइमा की ऐतिहासिक रामलीला का आकर्षण कुछ कम हुआ है। इसके बावजूद ७८ वर्षों से चली आ रही यह धार्मिक परंपरा आज भी क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा बनी हुई है।

रामलीला में सीता हरण प्रसंग का भावपूर्ण मंचन

खीरी (प्रयागराज)। खीरी थाना क्षेत्र के खीरी बाजार स्थित केदार नगर में रामलीला में कलाकारों ने सीता हरण प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया। माता सीता के हरण और उनके वियोग में भगवान श्रीराम तथा लक्ष्मण के वन-वन भटकने के दृश्य देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। रामलीला में दिखाया गया कि भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण कुटिया में रह रहे थे। इसी दौरान मायावी स्वर्ण मृग कुटिया के पास दिखाई दिया। माता सीता ने उसकी सुंदरता से आकर्षित होकर भगवान श्रीराम से उसे लाने का आग्रह किया। इसके बाद श्रीराम लक्ष्मण को माता सीता की रक्षा की जिम्मेदारी सौंपकर मृग के पीछे चले गये। कुछ दूर जाने के बाद मायावी मृग के वध के दौरान श्रीराम की आवाज सुनाई दी। इसे सुनकर माता सीता चिंतित हो उठीं।

शिव धनुष टूटते ही गूंजे जय श्रीराम के जयकारे, भावविभोर हुए श्रद्धालु

कौंधियारा की आदर्श बाल रामलीला समिति में हुआ सीता स्वयंवरका मंचन, दो शताब्दियोंसे जारी है रामलीलाकी परंपरा

कौंधियारा (प्रयागराज)। क्षेत्र की आदर्श बाल रामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला में बृहस्पतिवार की रात धनुष यज्ञ प्रसंग का मंचन किया गया। सीता स्वयंवर, लक्ष्मण-जनक संवाद और भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष भंग करने के दृश्य देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। धनुष टूटते ही पूरा परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।

मंचन के दौरान भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के संध्या वंदन के बाद जनकपुर में आयोजित सीता स्वयंवर का दृश्य प्रस्तुत किया गया। राजा जनक ने शर्त रखी कि जो भी शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी के साथ माता सीता का विवाह होगा। स्वयंवर में शामिल देश-विदेश के अनेक राजा-महाराजाओं ने धनुष उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई उसे हिला तक नहीं सका। इससे निराश राजा जनक ने कहा कि लगता है धरती वीरों से विहीन हो गयी है। यह सुनकर लक्ष्मण क्रोधित हो गये और उन्होंने राजा जनक को रघुवंश की वीरता का स्मरण कराया। इसके बाद गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान श्रीराम ने शिव धनुष उठाकर उस पर प्रत्यंचा चढ़ाई। इसी दौरान धनुष टूट गया। देवताओं की ओर से पुष्पवर्षा का दृश्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद माता सीता ने भगवान श्रीराम के गले में वरमाला पहनाई। इस दृश्य पर श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ प्रसन्नता व्यक्त की। रामलीला के प्रबंधक राजकुमार शुक्ला (राजू) ने बताया कि उनके गांव में करीब दो शताब्दियों से निर्धारित समय पर एक ही स्थान पर रामलीला का आयोजन निरंतर होता आ रहा है। इस अवसर पर व्यास पंडित सियाराम शुक्ला, नवीन शुक्ला, अजीत कुमार द्विवेदी, विष्णुकांत शुक्ला, कैलाश प्रसाद त्रिपाठी, प्रदीप कुमार द्विवेदी, प्रेमचंद शुक्ला, शिवसूरत शुक्ला मौजूद रहे।

होटल में कथित अनैतिक गतिविधियों की सूचना पर छापेमारी

नैनी (प्रयागराज)। नैनी थाना क्षेत्र के खरकौनी स्थित एक ओयो होटल में कथित रूप से अनैतिक गतिविधियां संचालित होने की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। सूचना मिलते ही एसीपी करछना और नैनी इंस्पेक्टर अविनाश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की गाड़ियां देखते ही होटल परिसर और आसपास के क्षेत्र में हलचल मच गयी। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि होटल में कथित रूप से सेक्स रैकेट संचालित किया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। बताया जा रहा है कि पुलिस के पहुंचने से पहले होटल के बाहर कुछ युवक-युवतियां मौजूद थे, जो पुलिस टीम को देखकर बाइक से वहां से चले गये। इस घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आने की बात कही जा रही है। इसके बाद पुलिस ने होटल परिसर के अंदर जाकर जांच की। पुलिस के मुताबिक, छापेमारी के दौरान कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि नहीं मिली।

नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय में क्रेट परीक्षा सम्पन्न

हनुमानगंज (प्रयागराज)। नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय में शनिवार को क्रेट-२०२६ परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में २१ विषयों के लिए कुल १७२ परीक्षार्थी पंजीकृत थे।

पंजीकृत अभ्यर्थियों में से २७ को नेट/जेआरएफ उत्तीर्ण होने के कारण परीक्षा में शामिल होने से छूट प्रदान की गयी थी। इस तरह परीक्षा में शामिल होने के लिए १४५ अभ्यर्थी पात्र थे, जिनमें से १३१ छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। इस आधार पर परीक्षा में लगभग ९०.३ प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा का संचालन केंद्राध्यक्ष प्रोफेसर विनोद कुमार पांडेय के निर्देशन में किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीबी तिवारी ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होने पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने राहत की सांस ली।

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक, परिवारों को किया सम्मानित

पारिवारिक एकता, प्रेम और सदभाव का दिया संदेश

बारा (प्रयागराज)। मिशन शक्ति फेज-६.० के तहत १७ अक्तूबर २०२६ को थाना बारा में एंटी रोमियो टीम और मिशन शक्ति टीम की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान पूर्व में आपसी समझौते से निस्तारित पारिवारिक एवं पति-पत्नी विवादों से जुड़े परिवारों को थाने पर बुलाकर सम्मानित किया गया। उन्हें स्टाल और लड्डू भेंटकर पारिवारिक एकता, आपसी प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया गया।



कार्यक्रम में महिलाओं को महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। टीम ने सुकन्या समृद्धि योजना, वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बीसी सखी, महिला स्वयं सहायता समूह, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और आयुष्मान भारत योजना के बारे में बताया। इसके साथ ही माहिलाओं को माहिला पावर हेल्पलाइन १०९०, महिला हेल्पलाइन १८१, चाइल्ड हेल्पलाइन १०९८, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन १०७६ और पुलिस आपातकालीन सेवा ११२ के बारे में जानकारी दी गयी। साइबर अपराध और आनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताते हुए साइबर हेल्पलाइन १९३० के उपयोग के प्रति भी जागरूक किया गया।

टीम ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और जरूरत पड़ने पर हेल्पलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक एवं सशक्त बनाने के साथ पारिवारिक विवादों का आपसी सहमति से समाधान कर समाज में शांति, सुरक्षा और सौहार्द को बढ़ावा देना रहा।

टोल प्लाजा पर देर रात पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

त्योहारों को लेकर सतर्कता, वाहनों की जांच कर संदिग्धों से की पूछताछ

मऊआइमा (प्रयागराज)। त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाये रखने के लिए शुक्रवार देर रात अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित टोल प्लाजा पर पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। एसीपी फूलपुर राजकुमार सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा, चौकी प्रभारी रामफल इनारी बृजेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी अभियान में शामिल रहे।

इस दौरान टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहनों की जांच की गयी और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश की गयी। देर रात तक चले अभियान में पुलिस को कोई संदिग्ध नहीं मिला। इसी क्रम में कस्बा चौकी प्रभारी हरिशंकर सिंह ने पुलिस टीम के साथ नगर पंचायत क्षेत्र के आजमपुर मोहल्ले में ईदगाह तालाब के आसपास जांच अभियान चलाया। वहां बैठे लोगों से पूछताछ की गयी। साथ ही बाइक सवारों को रोककर उनकी जानकारी भी ली गयी। पुलिस के अनुसार, त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने और कानून-व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर चेकिंग और गश्त का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।



महिलाओं ने प्रस्तुत किये भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम

झूंसी (प्रयागराज)। मां दुर्गा की आराधना, भक्ति गीतों की मधुर धुन और सनातन संस्कृति की छटा के बीच शनिवार को एडीए कालोनी, नई झूंसी स्थित श्री श्री नवदुर्गा पूजा समिति की महिला कार्यकारिणी की ओर से धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। भजन, लोकगीत और मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। महिलाओं ने मां दुर्गा की महिमा का गुणगान करते हुए श्रद्धा और उत्साह के साथ अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में महिला कार्यकारिणी की अध्यक्ष लक्ष्मी द्विवेदी, उपाध्यक्ष सुनीता सिंह और कोषाध्यक्ष नूतन सिंह सहित अन्य सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भक्ति गीतों और लोक संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। आयोजन के माध्यम से महिलाओं ने धार्मिक परंपराओं के संरक्षण और सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया। कार्यक्रम में सुमन गौड़, सुनीता पांडेय, ममता दुबे, सुमन पांडेय, गीता सिंह, गीत दुबे, सीमा दुबे, प्रीति पांडेय, रीता मिश्रा, आशा शुक्ला और भीमराव मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। समिति की मुख्य कार्यकारिणी से अंबुज पांडेय, अशोक कुमार श्रीवास्तव, डा. कन्हैया सिंह, अरुण कुमार शुक्ला, सर्वेश, बीना और रामबीना सहित अन्य सदस्यों ने भी सहभागिता की।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३५४)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।